राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–217/2024

दिव्यांगजन को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें –राज्यपाल

पटना, 19 अक्टूबर 2024 :– ''सभी दिव्यांगजन के साथ मानवीय व्यवहार होना चाहिए। हमें उनके साथ आत्मीय संबंध स्थापित करना चाहिए। उनमें भी कुछ–न–कुछ अतिरिक्त विशेषताएँ हैं। दिव्यांगजन के प्रति हमारी मानसिकता बदलने की जरूरत है। वे दया के पात्र नही हैं, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है और यह दायित्व हम सबका है।''– यह बातें माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने ऊर्जा स्टेडियम, पटना में इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसियेशन द्वारा आयोजित 8वें टी–20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही।

राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं जिनका लाभ उन्हें मिलना चाहिए। इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। दिव्यांग बच्चों को अवसर मिलने पर वे नई ऊँचाइयाँ हासिल करेंगे।

राज्यपाल ने बिहार के नामचीन क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ–साथ इस टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया।

कार्यक्रम को माननीय समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, माननीय सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, माननीय राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल एवं समाज कल्याण विभाग के निदेशक श्री विजय प्रकाश मीना ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर निदेशक, संग्रहालय श्री राहुल कुमार, इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसियेशन के निदेशक श्री संतोष कुमार राय, अध्यक्ष श्री सुमित जैन, देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ीगण, इस प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े महानुभावगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....